30: कोटा के विरुध सहायक वाणिज्य प्रबंधक/एलडीसीई के चयन हेतु प्रश्न पत्र

पत्र-1

दिनांक 12/11/2009 समय : 3 घंटे पूर्णाक 150

टिप्पणी : किसी छ: प्रश्नों के उत्तर दें । सभी प्रश्नों के मान बराबर हैं ।

प्र0 1 (क) भारतीय रेलवे में क्षेत्रीय एवं मंडल स्तर पर वाणिज्य विभाग के मानक संगठन की रुप रेखा का वर्णन करें । - 10

(ख) भारतीय रेलवे में माल एवं सवारी आय राजस्व के दो मुख्य स्त्रोत हैं । इन आयों को प्राप्त करने के लिए वाणिज्य विभाग की क्या भूमिका है ? - 15

प्र0 2 (क) अग्रेषण टिप्पणी (फॉर्वाडिंग नोट) क्या है ? रेल द्वारा परिवहन हेतु किसी परेषण की बुकिंग के लिए भेजे जाने से पूर्व इसमें किन प्रविष्टियों की अवश्यकता होती है । - 10

(ख) पार्सल यातायात के परिवहन के लिजिंग प्रणाली का संक्षेप में वर्णन करें । - 10

(ग) वैगन पंजीकरण शुल्क क्या है ? इसे क्यों लगाया जाता है ? -5

प्र0 3 (क) 'अंडरचार्ज' से क्या अभिप्राय है ? उन विभिन्न कारणों का वर्णन करें जिसके कारण अंडरचार्ज लगाये जाते हैं । - 15

(ख) 'ऑफेन्सिव गुडस' क्या है? क्या रेल द्वारा परिवहन के लिए इनकी अनुमति है ? यदि हॉं तो इनके परिवहन के लिए क्या नियम हैं ? -10

प्र0 4 (क) यू0टी0एस0 क्या है ? यह पूर्ववर्ती टिकट के पी0सी0टी0 प्रणाली से किस प्रकार बेहतर है?-15

(ख) पार्सल एवं लॉगेज में क्या अन्तर है ? पार्सल के ओवरकैरिज के मुख्य कारण क्या हैं?- 10

प्र0 5 निम्नलिखित किसी पॉच विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें :

(क) एक्सेप्टेड आर्टिकलस्(Excepted articles) - 5

(ख) भारतीय रेल अधिनियम का सेक्शन 124 ए - 5

(ग) वस्तुओं का वर्गीकरण - 5

(घ) वारफेज (Wharfage) - 5

(ड़) जेड आर यू सी सी (ZRUCC)- 5

(च) जेटीबीएस (JTBS) -5

(छ) विज्ञापन का एकाधिकार (Sole rights advertisements) -5

प्र0 6 (क) रेलवे में दावा उत्पन्न होने के मुख्य कारण क्या हैं ? इसे कम करने के लिए अपने सुझाव दें-15

(ख) गुड्स शेड में टर्मिनल विलंब को कम करने के लिए अपने सुझाव दें -10

प्र0 7 नीचे दिये गये प्रत्येक प्रश्नों के सामने दिये गये चार विकल्पों में से सही विकल्प का चुनाव करें :

(कुल 25 प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न का मान 1 है )

उदाहरण के लिए : (i) ताजमहल कहाँ अवस्थित है ? (क) आगरा (ख) मेरठ (ग) मुम्बई (घ) जयपुर - यदि आप विकल्प (क) का चुनाव करते हैं तो प्रश्न पुस्तिका में अपना उत्तर निम्नानुसार लिखें - (i) (क)

(i) क्रिकेट में वर्तमान विश्व कप चेंपियन कौन है ?
(क) भारत (ख) पाकिस्तान (ग)अस्ट्रेलिया (घ) श्रीलंका

(ii) इस वर्ष नोवेल शांति पुरस्कार किसे मिला था ?

(क) जॉर्ज बुश (ख) बन की-मून (ग) मारग्रेट थैचर (घ) बराक ओबामा

(iii) 'क्योटो प्रोटोकोल' अन्तर्राष्ट्रीय करार किससे संबंधित है ?

(क) गरीबी उन्मूलन (ख) अंतरिक्ष अन्वेषण (ग) वायुमंडल सुरक्षा (घ) वैश्विक आतंकवाद

(iv)भारतीय रेल में ब्रोड गेज का उपयोग किया जाता है । यूरोपीय देशों में अधिकतर किस गेज का उपयोग किया जाता है ?

(क) मेडियम गेज (ख) स्टेन्डर्ड गेज (ग) वेस्टर्न गेज (घ) वाइड गेज

(v) पूर्व मध्य रेल के किस मंडल में हाल्ट स्टेशनों की संख्या सबसे अधिक है ?

(क) दानापुर (ख) धनबाद (ग) सोनपुर (घ) समस्तीपुर

(vi) पूर्व मध्य रेल में विश्व स्तर के स्टेशनों के रुप में विकास हेतु दो स्टेशनों का चयन किया गया है जिसमें एक पटना स्टेशन है और दूसरा स्टेशन कौन सा है ?

(क) धनबाद (ख) गया (ग) मुजफ्फरपुर (घ) दरभंगा

(vii) हरित कान्ति (ग्रीन रेव्यूलुशन) का अगुआ कौन है ?

(क) नॉरमैन बोरलॉग (ख) वर्गिज कुरियन (ग)प्रताप सिंह कैरों (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(viii) इस रेल के हरनौत में स्थापित किया जा रहा रेल परियोजना किससे संबंधित है?

(क)इंजन निर्माण (ख) कोचों का पीओएच (ग) वैगन निर्माण (घ) पहिया निर्माण

(ix)रेलवे में बेचे जानेवाले जनता फूड पैकेट का मूल्य क्या है ।

(क) रु0 10 (ख) रु0 8 (ग) रु0 15 (घ) रु0 5

(x) टिप्लर्स का प्रयोग किसके लिए किया जाता है ?

(क) वैगन के लदान के लिए (ख) वैगन को खाली करने के लिए (ग) वैगन को रि-रेल करने के लिए (घ) ओवरलोड वैगन का पता लगाने के लिए

(xi) इस वर्ष भारतीय मूल का एक वैज्ञानिक किस क्षेत्र में नोवेल प्राइज प्राप्त किया है ?

(क) औषधि (ख) रसायन शास्त्र (ग) भौतिकी शास्त्र (घ) साहित्य

(xii) इस वर्ष दादा साहेब फाल्के आवार्ड किसे दिया गया ?

(क) लता मंगेशकर (ख) महेन्द्र कपूर (ग) ए आर रहमान (घ) मन्ना डे

(xiii) निम्न कथनों में कौन सही है ।

(क) दुरन्तो ट्रेन में प्रस्थान एवं गंतव्य स्टेशनों के बीच कोई ठहराव नहीं है

(ख) केवल राजधानी ट्रेनों में किराया के साथ खाने का शुल्क शामिल है

(ग) यात्रा तिथि से पूर्व यूटीएस टिकटों को खरीदा जा सकता है ।

(घ) सुपरफास्ट गाड़ियों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे की औसत गति को बनाये रखना आवश्यक है ।

(xiv) राष्ट्रसंघ के महासचिव पद के लिए भारत का असफल उमीद्वार कौन था ?

(क) शीला दीक्षित (ख) शशि थरुर (ग) सोमनाथ चटर्जी (घ) इनमें से कोई नहीं

(xv) रेलवे में ए टी व्ही एम क्या है ?

(क) टिकट विकय मशीन (ख) स्वचालित सिगनल प्रणाली (ग) विज्ञापन एवं विपणन योजनाएं (घ) कोल्ड ड्रिंक वेन्डिंग मशीन

(xvi) विशेष यात्री सुख-सुविधाओं से संपन्न स्टेशन की अद्यतन कोटि क्या है ?

(क) आदर्श स्टेशन (ख) स्पेशल स्टेशन (ग) डिलक्स स्टेशन (घ) इनमें से कोई नहीं

(xvii) वर्तमान में मीडिया से संबंधित व्यक्तियों को रेल में यात्रा करने के लिए छूट के लिए उन्हें

निम्न में से क्या जारी किया जाता है ?

(क) आई डी कार्ड (ख) टोकन पास (ग) ट्रेवल कूपन (घ) चेक पास

(xviii) सुभाष चन्द्र बोस द्वारा किस राजनीतिक पार्टी का निर्माण किया गया था ?

(क) भारतीय राष्ट्रीय पार्टी (ख) भारतीय कम्यूनिष्ट पार्टी (ग) आजाद हिन्द पार्टी

(घ) फॉवर्ड ब्लॉक

(xix) लोकप्रिय टीवी सिरियल 'मालगुड़ी डेज' किस लेखक की रचना पर आधारित है ?

(क) मुल्कराज आनन्द (ख) आर के नारायण (ग) अनीता देसाई (घ) शोभा डे

(xx) पूर्व मध्य रेलवे में कोयला के बाद किसके परिवहन से सबसे अधिक राजस्व की प्राप्ति होती है ?

(क) पीओएल (ख) सीमेन्ट (ग) खाद्यान्न (घ) खनिज लोहा

(xxi) पहियों पर मोबाईल हॉस्पिटल के रुप में चलनेवाली ट्रेन का क्या नाम है ?

(क) आपातकालिन एक्सप्रेस (ख) जीवन रेखा एक्सप्रेस (ग) एसओएस एक्सप्रेस

(घ) चिकित्सा एक्सप्रेस

(xxii) तत्काल योजना के अंतर्गत यात्रा की वास्तिविक तिथि से कितने दिन पूर्व आरक्षण कराया जा सकता है ?

(क) दो (ख) तीन (ग) चार (घ)इनमें से कोई नहीं

(xxiii) स्वतंत्र भारत में सबसे लंबी अवधि तक राज्य के मुख्य मंत्री के रुप में काम करनेवाले कौन हैं?

(क) ज्योति बसु (ख) बुद्धदेव भट्टाचार्या (ग) लालु प्रसाद यादव (घ) एम जी रामचन्द्रन

(xxiv) किस राष्ट्रीय नेता का जन्म दिन शिक्षा दिवस के रुप में मनाया जाता है ।

(क) गोविन्द वल्लभ पंत (ख) गोपाल कृष्ण गोखले (ग) मौलाना आजाद

(घ) लाला लाजपत राय

(xxv)राजदीप सरदेसाई मीडिया व्यक्ति के रुप में किस टीवी चैनल से संबद्ध हैं ?

(क) एनडी टीवी (ख) आज तक (ग)सीएनएन-आईबीएन (घ) टाईम्स नाउ

(xxvi) देश का सबसे बड़ा इस्पात निर्माता कौन है ?

(क) सेल (ख) टाटा स्टील (ग) आरसेलर मित्तल (घ) रिलायंस

प्र0 8 (क) राजभाषा नियम 1976 (1987 में संशोधित अनुसार) के अंतर्गत राज्यों एवं संघीय राज्यों को कितने क्षेत्र में बाँटा गया है ? क्षेत्र 'क' के अंतर्गत आनेवाले कम-से-कम चार राज्यों के नाम बताएं -5

(ख) वर्तमान राजभाषा नियम के अंतर्गत किसी व्यक्ति को 'हिन्दी के कार्य साधक ज्ञान' प्राप्त करने के लिए क्या प्रावधान निर्धारित किये गये हैं ? - 5

(ग) राजभाषा प्रोत्साहन के लिए वर्तमान प्रोत्साहन योजनाओं के अंतर्गत निम्न पुरस्कार किसके लिए दिये जाते हैं ?

(i) राजीव गाँधी ज्ञान-विज्ञान पुरस्कार - 1

(ii)इंदिरा गाँधी पुरस्कार - 1

(iii) लाल बहादुर शास्त्री पुरस्कार - 1

(iv) प्रेमचंद पुरस्कार - 1

(v) मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार - 1

(घ) निम्नलिखित का क्या उद्देश्य है ? संक्षेप में उत्तर दें ।

(i) कोच गाईडेन्स प्रणाली - 2

(ii) तत्काल आरक्षण प्रणाली - 2

(iii) एनटीईएस -2

(iv) रियायती टिकटों के लिए 'इज्ज्त' योजना -2

(v) बेस किचेन -2

नोट : प्रश्नों में किसी भी प्रकार की असंगति के लिए प्रश्न पत्र का अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा ।